# 19 लाख से बनेगी सीसी रोड, सांसदों ने किया भूमिपूजन

- स्वच्छता-सुविधाओं में बड़वानी को प्रदेश में बनाएंगे अव्वल : नपा अध्यक्ष



**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर के वार्ड क्रमांक 20 और 21 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 19 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। शनिवार को राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुमेर सिंह सोलंकी और लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान की मौजूदगी में गेती चलाकर भूमिपूजन किया।

### वार्ड 20 में बनेगी सड़क

नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान ने बताया कि वार्ड 20 में निमपुरा से तेजू कुशवाहा की दुकान तक 230 मीटर लंबी और 5.20 मीटर चौड़ी सीसी रोड बनेगी। यह सड़क करीब दो माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बनने से धूल और गड्ढों से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में सीएमओ सोनाली शर्मा, वार्ड पार्षद और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि सीएम इंफ्रा स्कीम के तहत कुल 15 से 16 कार्य होने थे। इनमें से करीब दस काम पूरे हो चुके हैं। बाकी कामों को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

### यह शहर की 38वीं रोड

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर लगातार काम हो रहा है। यह शहर की 38वीं सड़क है जिसका निर्माण शुरू हो रहा है। इससे पहले 37 सड़कें बनाई जा चुकी हैं। इनकी कुल लागत करीब 19 करोड़ रुपये रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल सड़कें बनाना नहीं है।

> **जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य**
>
> स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में बड़वानी को प्रदेश में अव्वल बनाना है। शहर के हर वार्ड की छोटी से छोटी समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। नगरपालिका लगातार विकास कार्य करा रही है। सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा

# हादसे में मृतक की पत्नी को मिलेंगे 19 लाख...

**बड़वानी, (नवभारत)।** श्याम लाल नावडे मोटर साईकिल से आ रहा था, पीछे से अन्य तेज बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसे चोट आई और उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए पलसूद हास्पिटल ले गए। वहां से हालत खराब होने से जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। उसकी हालत गंभीर हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के 4 अवयस्क बच्चे थे एवं पत्नी बेसहारा हो गई थी। मृतक की पत्नि सेंवतीबाई ने अधिवक्ता नानूराम यादव से सम्पर्क किया। अधिवक्ता ने पूरी घटना सुनी उनके द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बड़वानी के न्यायालय में क्षतिपूर्ति राशि प्राप्ति करने के लिए वाद दायर किया था। जिसमें प्रतिप्रार्थी चोला मंडल कम्पनी थी, जिनके अधिवक्ता डीजे शर्मा थे। मामले को 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत में समझौते के लिए रैफर किया था।

> **दोनों पक्षों को दी समझाइश**
>
> प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन ने आवेदिका एवं उनके अधिवक्ता यादव एवं प्रतिप्रार्थी कम्पनी चोला मंडल की ओर से डीजे शर्मा उपस्थित हुए। जैन ने दोनों पक्षों को समझाईश दी। लोक अदालत में प्रकरण निराकरण के लाभ बताए जिस पर उभयपक्ष ने अपने हित में होने से समझौता पर राजी हुए। आपसी समझौते अनुसार न्यायालय द्वारा क्लेम राशि के रूप में 19 लाख का समझौता अवार्ड पारित किया।

एक नजर में

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक



**बड़वानी।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी काजल जावला की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत 37 अपूर्ण एवं अहस्तांतरित एकल ग्राम नल-जल योजनाओं की समीक्षा बैठक जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीएचई के अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीओ) और संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री (पीएचई), जिला समन्वयक (एसबीएम) सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव उपस्थित रहे, जिन्हें योजनाओं के संचालन और समय पर हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

## राशिनकर के रेखांकन फीचर की पुस्तक लोकार्पित

इंदौर. अपनी विशिष्ट रेखांकन शैली से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले शहर के चित्रकार संदीप राशिनकर की रेखांकन फीचर की पुस्तक संदीप राशिनकर के विशेष रेखांकन फीचर का पुणे में उनके पोते शौर्य द्वारा लोकार्पण किया गया.

डॉ. बागेश्री, श्रीति, विकास पाठक, मेघना, श्रेयस की उपस्थिति में आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम में लोकार्पित इस कृति में संदीप के नवाचार 'रेखांकन फीचर' की वृहद श्रृंखला का संयोजन किया गया है. म्यूरल्स, ब्रास/स्टील वेंचर जैसे कला में किए गए अपने नवाचारों से चर्चित संदीप का रेखांकन फीचर भी एक नवाचार है जिसमें विषय केंद्रित रेखांकनों के सृजन और संयोजन से कला अभिव्यक्ति का एक अलहदा वितान रचा जाता है.

# जन्मदिन पर लिया देहदान का संकल्प



**बड़वानी, (नवभारत)।** अपने जन्मदिन के दिन शहर के अरविन्द देवलांलीकर ने अपना देहदान करने का संकल्प लिया। उन्होंने देहदान प्रमाण-पत्र भरकर समाज समाज को अलग संदेश दिया है।

### गर्वित होकर प्रदान की सहमति

शहर के समाजसेवी अजित जैन ने बताया कि अरविन्द देवलाली के अनुसार काफी समय से नेत्रदान एवं देहदान करने का उनके मन में चल रहा था। समाचार पत्रों में रोटरी क्लब द्वारा नेत्रदान आदि के सामाजिक कार्यों को को पढ़कर उन्होंने क्लब के डॉ चक्रेश पहाड़िया से संपर्क किया। डॉ पहाड़िया, अजित जैन एवं ललित जैन उनके निवास पर पहुंचे। जहां उनके परिजनों की सहमति से देहदान का अधिकारिक संकल्प पत्र भरा। इस कार्य में उनकी पत्नी वासंती एवं पुत्री मानसी जो पूणे में एक प्रतिष्ठित कम्पनी में कार्य करती है ने गर्वित होकर सहमति प्रदान की।

### रोटरी क्लब ने माना पविार का आभार

उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब पूर्व में भी दो लोगों के देहदान करा चुका है। पार्थिव शरीर को शासन द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। समाज में जागृति आई और लोग अब आगे आकर ऐसा कार्य करना चाह रहे हैं कि जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी हम किसी के काम आ सके। रोटरी क्लब ने देवलालीकर परिवार का आभार व्यक्त किया।

# समझाइश के बाद घर लौटे पति-पत्नी

- चार वर्ष पूर्व हुआ था विवाह
- खुशी-खुशी लौटे अपने घर



**बड़वानी, (नवभारत)।** दुदडीबाई पति मोहनिया का विवाह 4 वर्ष पूर्व हुआ था। शादी के बाद दोनों से 2 बच्चे हुए। बड़ा पुत्र 2 वर्ष, दूसरा पुत्र 1 माह का है। पत्नी दुदडीबाई भगोरिया पर्व में गई, जिसके बाद वह पति को बिना बताए अपने मायके चली गई। जिससे दोनों पति-पत्नि में मन मुटाव हो गया था व बात इतनी बढ़ गई थी कि पति ने पत्नी को घर से निकाल दिया था और पिता ने बड़े पुत्र को अपने पास रख लिया था।

### बताई अपनी पीड़ा

पत्नी 6 माह से अपने मायके में रह रही थी। परेशान होकर दुदडीबाई ने अधिवक्ता शाकिर शेख व अधिक्ता एमजे शेख से सम्पर्क किया। उन्हें अपनी पीड़ा बताई कि उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया है और लेने नहीं आ रहा है।

### पति-पत्नी को दी समझाइश

अधिक्ता शेख ने उक्त मामला परिवार न्यायालय में लगाया, जिसे समझौते के लिए 9 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन की पीठ में रखा गया। जैन द्वारा उभयपक्षों को सुना पति मोहनिया को समझाया कि वह बेवजह अपनी पत्नी पर शक ना करे उसके बच्चों की तरफ देखे। बच्चे अभी छोटे हैं, उनका ध्यान रखे। पत्नी को भी समझाया कि पति के बिना पूछे घर ना छोड़े बच्चे का भविष्य देखे। दोनों को समझाईश का असर हुआ और पति अपनी पत्नी को साथ ले जाने को राजी हुआ। दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाई, मिठाई खिलाई व खुशी-खुशी घर गए।

# कौशल-अनुभव की ओर कदम उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बताया इंटर्नशिप योजना के बारे में

- डिजिटल पंजीयन से लेकर इंटर्नशिप तक छात्राओं को मिला पूरा मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण में तथा योजना प्रभारी डॉ. शीतल झा के निर्देशन में संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी देना और उन्हें उद्योगों एवं संस्थानों में उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों से अवगत कराना था. इस दौरान छात्राओं को योजना की रूपरेखा, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा प्रोफ़ाइल निर्माण के बारे में विस्तार से बताया गया. डॉ. शीतल झा ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता और कौशल विकास को बढ़ाती है. साथ ही उन्होंने योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि, बीमा सुविधा और अनुभव प्रमाणपत्र की जानकारी भी दी. छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया. साथ ही आधार, मोबाइल नंबर, ई-मेल और बैंक विवरण के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण में मार्गदर्शन दिया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की तथा कई छात्राओं ने मौके पर ही ऑनलाइन पंजीकरण किया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन निधि गुप्ता द्वारा किया गया.




# सिविल हॉस्पिटल में 500 खिचड़ी के पैकेट-फल वितरण

**पेटलावद।** लायन आलोक चौहान के पूज्य पिताश्री लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त एसडीओ स्व. बृजमोहनजी चौहान की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर चौहान परिवार द्वारा एक सेवा कार्य का आयोजन किया गया। लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल के तत्वावधान में शासकीय सिविल हॉस्पिटल, पेटलावद में मरीजों और उनके परिजनों को 500 खिचड़ी के पैकेट एवं फलों का वितरण किया गया।

आयोजन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और वरिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिनमें मुख्य रूप से बीएमओ डॉ. एमएल चोपड़ा, वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ. जीएस चोयल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश सोराडा शामिल हुए। चौहान परिवार की ओर से स्व. बृजमोहनजी चौहान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए इस पुनीत कार्य का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दर्ज कराई और सेवा कार्य में हाथ बंटाया। आलोक चौहान, रीना चौहान, अधिश्री चौहान, आशी चौहान, अध्यक्ष गजेंद्र काग, पारसमल कोटरिया, प्रबोध मोदी, मनोज जानी, दीपेश छजलानी, सचिव विकास चौहान, कोषाध्यक्ष दिलीप राठौड़ सीए, दिपेश छजलानी, चिंतन मंडलोई, नीलेश भट्ट, हेमेंद्रसिंह डाबड़ी, रजनीकांत शुक्ला, नरेंद्र चतुर्वेदी, रोहित पाटीदार, पवन चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लायन सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# मेघ नगर में पं. नागर की भागवत कथा आज से, कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

- विशाल पांडाल में श्रद्धालु ले सकेंगे श्रीमद् भागवत का आनंद

मेघनगर। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल और ग्रामीणों की आस्था के केंद्र श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर आज से मालवा के पूज्य संत पंडित कमल किशोर नागर जी के मुखारविंद से आज श्रीमद भागवत कथा का शुभ प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के सदस्य और समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और युवा समाज सेवी राजेश रिंकू जैन ने बताया की वर्षों के इंतजार के बाद फुटतालाब के लिए है यह अवसर आया है भारत के प्रख्यात संत और मालवा की माटी के सपूत पंडित कमल किशोर नागर के मुखारविंद से फुटतालाब पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को लेकर हनुमान मंदिर फुटतालाब पर भव्य तैयारियां की गई हैं। गर्मी को देखते हुए वातानुकूलित व्यवस्था भी लगातार आयोजन स्थल पर बनाई गई है। आयोजन का श्रीगणेश सुराणा कंपाउंड से सुबह 7.30 से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा द्य कलश यात्रा को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों सीमा सुरेश जैन, नीता राजेश जैन, पूजा जैन, अंतिमबाला जैन, पूर्वा जैन, बिन्नी जैन ने नगर की सभी माता बहनों से वही ग्रामीण अंचलों की माता बहनों से विभिन्न भजन मंडलों से अनुरोध किया है कि सभी लोग कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लें। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई फुटतालाब पहुंचेगी, जहां पर प्रतिदिन 12 से 3 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का धार्मिक आयोजन होगा। कलश यात्रा में श्रीरामदास जी त्यागी पीपलखूंटा के महंत दयाराम दास जी महाराज फुटतालाब मंदिर के महंत श्रीदिलीपदास जी महाराज भी उपस्थित रहेंगे द्य आयोजन को लेकर प्रमुख जगहों से निशुल्क बसों की व्यवस्थाएं भी की गई है।



# जनगणना में लगे सरकारी कर्मचारी

**पेटलावद।** भारत की जनगणना 2027 में नगर पालिका पेटलावद के सर्किल नंबर पांच के सुपरवाइजर देवेंद्र सिंह भाटी के अधीनस्थ प्रगणक सोहन सिंह बरिया एचएलबी नंबर 00 26 का कार्य पूर्ण हुआ। यह नगर पालिका की पहले एचएल बी 0026हे जिसने अपना कार्य पूर्ण किया नगर परिषद सीएमओ राहुल सिंह वर्मा द्वारा बताया गया कि और भी एचएल बी के कार्य प्रगति पर है।

एक नजर में | पेटलावद में वकील-जजों की समझाइश के बाद हो गया दोनों पक्षों में राजीनामा

# लोक अदालत में 5 वर्ष पुराने केस में आपसी राजीनामा से दोनों पक्ष हुए खुश

**पेटलावद। लोक अदालत में अधिवक्ताओं और न्यायाधीश महोदय की समझाइश के बाद 5 वर्ष पुराने आपराधिक प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया। इस फैसले से लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया और दोनों पक्षों में अब किसी तरह का कोई विवाद नहीं रहा है और लोक अदालत में हुए इस समझौते में ना तो किसी की हार हुई और ना किसी की जीत हुई है।**



जानकारी अनुसार 2020 में पेटलावद क्षेत्र के ग्राम पारेवा में दो पक्षों के मामूली बात को लेकर आपस में मारपीट हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों ने पुलिस में एक-दूसरे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई थी। पिछले पांच वर्षों से यह मामला न्यायालय में लंबित था, जिसके कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा था। 9 मई 2026 में आयोजित लोक अदालत में न्यायाधीश श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी और दोनों पक्षों के अधिवक्ता श्री ईश्वर परमार व मनोहरसिंह डोडिया द्वारा दोनों पक्षों को समझाया कि छोटे विवाद को बढ़ाने से पूरे परिवार प्रभावित होते हैं। इस तरह दोनों पक्षों ने अदालत में लिखित राजीनामा प्रस्तुत किए। इन दोनों प्रकरण के अलावा भी कई प्रकरण आपसी समझौते के माध्यम से निराकृत हुए हैं। लोक अदालत का शुभारंभ अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश बोहरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मजिस्ट्रेट एसएल भगौरा, श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी, प्रियम सक्सेना सहित कई अधिवक्ता और न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित हुए।